Harideo Joshi Rajkiya Kanya Mahavidyalaya Banswara (Rajasthan)

Anandam

Harideo Joshi Rajkiya Kanya Mahavidhyalaya,

Near Old Bus Stand,

Banswara (Rajasthan) - 327001

दैनिक डायरी में लिखते रहने से होता है व्यक्तित्व का विकास : प्राचार्य

हरिदेव जोशी कन्या महाविद्यालय में आनंदम विषयक कार्यशाला का आयोजन

भास्कर संवाददाता | बांसवाड़ा

हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को आनंदम पाठ्यक्रम पर कार्यशाला हुई। इस सत्र में प्रथम वर्ष एवं एमए पूर्वार्ध की छात्राओं के लिए प्रारंभ किए गए आनंदम पाठ्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। संयोजक बॉटनी विषय की विभागाध्यक्ष मोनिषा मीणा द्वारा आनंदम पाठ्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा एवं कार्यप्रणाली प्रस्तुत की गई।

उन्होंने छात्राओं को इसके लिए स्वयं के द्वारा व सामूहिक रूप से अच्छे कार्य करने के लिए कहा। पाठ्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ सर्वजीत दुबे ने कहा कि अच्छे कार्य किसी भी प्रकार के हो सकते हैं जैसे स्वच्छता के कार्य, देने का भाव, किसी वृद्ध व्यक्ति की सहायता, घर के छोटे- छोटे कार्य एवं सभी प्रकार की जागरूकता आदि है जिससे समाज की व देश की भलाई हो सकती है। उन्होंने बुद्ध की कहानी सुनाते हुए बताया कि एक निर्धन व्यक्ति से महात्मा ने भिक्षा की याचना की। अन्य कुछ भी न होने पर बुद्ध ने उसको आंगन की धूल देने को कहा । शिष्यों ने पूछा तो उन्होंने कहा कि आज धूल देने के भाव से यह व्यक्ति भर गया, वहीं कल फूल भी देगा।

बांसवाड़ा. आनंदम पाठ्यक्रम पर कार्यशाला में मंचासीन अतिथि।

डॉ. शिप्रा राठौड़ ने आनंदम पाठ्यक्रम के लिए डायरी बनाने, और कार्य के प्रारुप के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर महाविद्यालय के आचार्य या मेंटर को सूचना देनी चाहिए ताकि इस पाठ्यक्रम के बारे में पूरी जानकारी मिल सके। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ सरला पंड्या ने आनंदम पाठ्यक्रम के उद्देश्य और उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छात्राओं द्वारा किए गए अच्छे कार्य को दैनिक डायरी में लिखने से न केवल छात्राओं के व्यक्तित्व का विकास होगा बल्कि इससे परिवार, समाज, गांव और शहरों में श्रेष्ठ कार्य भी हो सकेंगे व सभी में नैतिक, मानवीय मूल्यों के विकास से सर्वांगीण उन्नति होगी।

Government of Rajasthan
STATE PROJECT DIRECTORATE
Rashtriya Uchhatar Shiksha Abhiyaan (RUSA)
Telefax:0141-2706550; email: spdrusaraj@gmail.com

F 30 (47) SPD/RUSA/VC Conf./2019/02 Date: 20 Feb. 2020

Principals,
All Govt. Colleges
Rajasthan

Subject-: To appoint Nodal Officer in the college for **Anandam** program

Dear Sir/Madam,

It is planned to begin a mandatory new course **Anandam** in all government colleges in Rajasthan. During the course students are expected to engage themselves in individual acts of goodness and group activity in service of the community. Over a period of time they would inculcate the habit of caring and sharing to become responsible citizens.

To facilitate and coordinate activities of the students and the faculty, a nodal officer is to be appointed in the college. The name, mobile number and E-mail id of the nodal officer is to be sent to this office E-mail id – aanandm299@gmail.com by 28.02.2020 for future correspondence.

(Pradeep Kumar Borad) IAS
State Project Director
Commissioner College Education

F 30 (47) SPD/RUSA/VC Conf./2019/02 Date: 20 Feb. 2020

Copy for necessary action:

1. IT Incharge to upload on website
2. Guard file

(Dr. Urmil Talwar)
Consultant RUSA
Coordinator, Core Committee, Anandam

कार्यालय प्राचार्य, हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय,बांसवाड़ा(राज.)
Website : www.hdjggc.org. Email: hdjgirlscollege@yahoo.com Tel. & Fax: (02962) 44162

क्रमांक दिनांक,5.11.2020

"आनन्दम्–योजना की क्रियान्विति हेतु रणनीति बनाई गई"

हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय में आज दिनांक 5.11.2020 को 12:00am बजे प्राचार्य की अध्यक्षता में समस्त संकाय की उपस्थिति में आनंदम प्रोग्राम की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें सर्वप्रथम नोडल अधिकारी मोनिषा मीणा द्वारा आनंदम प्रोग्राम की जानकारी हेतु PPT प्रस्तुत किया गया। जिसमें मुख्य रूप से निम्न जानकारी दी गयीं।

1.प्रत्येक संकाय सदस्य को मेन्टर की भूमिका निभाते हुए वाट्स एप बनाने हैं।
2.रजिस्टर बनाते हुए छात्राओं को अच्छे काम करने के लिए प्रेरित करना है तथा सामुदायिक सेवा की परियोजना के बारे में सूचना देनी हैं।
3. 8–12 अनुपातो में छात्रो के समूह बनाते हुए परियोजना को सन्पन्न करते हुए कार्य करना हैं।

संकाय सदस्य द्वारा निम्न मुद्दों पर मार्गदर्शन चाहा गया

1.छात्राओं के समूह किस आधार पर बनाने हैं?
2.जिन छात्राओं के पास वाट्स एप व इन्टरनेट की सुविधा नहीं है,उनसे सम्पर्क कैसे किया जाये?

अतः में प्राचार्य द्वारा समस्त संकाय सदस्यों को आनंदम प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए अपने वाट्स एप से छात्राओं को प्रेरित करने की बात कही गयीं। प्राचार्य ने आह्वान किया कि सभी शिक्षकों को इस महनीय कार्यक्रम को प्राणपण से लगकर सफल बनाना है ताकि भावी,पीढी "ज्वॉय ऑफ गिविंग" को अपने जीवन में उतार सके।

प्राचार्य
हरिदेव जोशी राजकीय कन्या
महाविद्यालय, बाँसवाड़ा (राज.)

INDEX

NAME....Sangita Yadav....................

DIV......................... ROLL NO...............

SUBJECT...Aanandam [The Joy of giving)

S.No.	Date	Title	Page No.	Remark

DATE:__/__/__ B+
PAGE NO.____

THE JOY OF GIVING

e-COPY

DATE 20/2/21 B+
PAGE NO.

Day : SATURDAY

Learned it today: Time : 11:00 pm

The past cannot be changed

Good work : बागवानी की चिड़िया को ~~अन्न~~ दाना दिया

6:00 am: मैंने घर में खाना बनाया, घर का सारा काम किया किया। आज मैं अपनी अपनी नयी आदत लिख रही हुं। मैंने लॉकडाउन होते ही कुछ दिनों बाद बागवानी का काम शुरू किया और आज भी मैं सुबह का कुछ समय (30 min) पेड़-पौधे पानी देने व उनकी देखभाल करती हुं। पक्षीयों को दाना देती है। फिर मैं कॉलेज गई, थोड़ा समय लाइब्रेरी में व्यतीत किया और पढ़ाई की। आज मैंने कुछ लोगों की बातों से यह सिखा की हम हमारे बिते हुए कल में बदल नही सकते पर आने वाले कल को बेहतर बना सकते हैं।

e-COPY

DATE: 21/Feb/2024
PAGE NO. _____

Day - Sunday
Time - 11: PM

Learned it today :- Don't waste time
Good work :-
10:00 am: उठी, Freshop,

आज मे थोड़ा बुरा महसूस कर रही हूं, क्योंकि आज मैंने अपने दैनिक दिनचर्या का करिन Follow नहीं किया और लेट उठी घर का काम किया आज सारा काम लेट ही हुआ। आज मैंने कुछ भी नहीं पढ़ा यही कारण है, कि आज मुझे डॉट पड़ी। परन्तु मैंने आज नई चिज सिखी अपना समय बर्बाद मत करो। अगर मैं जल्दी उठ गई होती तो शायद ऐसा नहीं होता। सुबह देर से उठना गलत बात नहीं पर तय समय पर काम न होना गलत है। आज मैंने शाम को पौधो की देखभाल का समय निकाला।

e-COPY

DATE 23/2/21 B+
PAGE NO. ______

Day : Tuesday
Time : 11:00

Dear Dairy, आज कुछ पंडित, जो कि आज हमारे मोहल्ले मे आए वो कह रहे थे अगर तुम्हे सुख, धन चाहिए, तो हमसे हवन करवाओ और उन्होने कहा कि आप सब पैसे इकट्ठे कर के उन्हे दे दो, वो कल सब सामान ले कर आएंगे उनकी दक्षिणा 500 रु थी। मैंने सब को कहा यह गलत है, कुछ तो पहले से ही जागरूक थे, उन्होने मेरा साथ दिया और हमने उन्हे वहाँ से भगा दिया।

धर्म मनुष्य को परमात्मा तक ले जाता है पर अंधविश्वास उसे नर्क की ओर ले जाता है।

e-COPY

DATE 23/2/21 B+
PAGE NO.

Day : Tuesday
Time : 11:00

Dear Dairy, आज कुछ पंडित, जो कि आज हमारे मोहल्ले मे आए वो कह रहे थे अगर तुम्हें सुख, धन चाहिए, तो हमसे हवन करवाओ और उन्होंने कहा कि आप सब पैसे इकट्ठे कर के उन्हें दे दो, वो कल सब सामान ले कर आएंगे उनकी दक्षिणा 500 रु थी। मैंने सब को कहा यह गलत है, कुछ तो पहले से ही जागरूक थे, उन्होंने मेरा साथ दिया और हमने उन्हें वहाँ से भगा दिया।

धर्म मनुष्य को परमात्मा तक ले जाता है पर अंधविश्वास उसे नर्क की ओर ले जाता है।

DATE: 24/2/21 B+
PAGE NO.

~~Day~~ Day: Wednesday
Time : 2:00 pm

Learned it today:- संसार का सबसे बड़ा अधिकार सेवा त्याग से मिलता है
Good work today: लाइब्रेरी की बुक को सब के साथ साझा किया।

रात को देर तक पढ़ने के बावजूद मैं आज सुबह जल्दी उठी 6: बजे। फिर मैंने खाना बनाया, घर का काम निपटाया। उसके बाद मैं तैयार हुई और कॉलेज गई, थोड़ी देर लाइब्रेरी मे पढ़ाई की और लेक्चर ले कर वापस 2 बजे घर आ गयी। फिर घर आकर मैंने एक कुत्ता जो भूखा था उसको मैंने खाना दिया। फिर मैंने आराम किया फिर उसके बाद मैंने थोड़ी पढ़ाई की। वो कहते है, न कि कोई भी चीज ज्यादा देर तक नही रहती आज मेरे अन्दर कल के मुकाबले कम जोश था, मैं आज कुछ ज्यादा पढ़ भी नही पायी।

e-COPY

DATE: 25/2/21 B+
PAGE NO.

Day : Thursday
Time. : 11: Pm

Good work today:- मेरी बातो से मैंने सब लोगो को प्रभावित किया।

आज मैं सुबह 6: बजे उठी। फिर घर का थोडा काम किया। पौधो को पानी पिलाया और फिर तैयार होकर कॉलेज गई।
मैं हमेशा यह आदत रखती हूँ कि दूसरो से कुछ नया कैसे सिख सकती हूँ। पर मुझे आज लगा की मैं भी दूसरो को कुछ सिखा सकती हूँ।
आज मेरी क्लासमेट ने कहा की तेरा सबसे बात करने का अंदाज मुझे बहुत अच्छा लगा मैंने मेरी एक फ्रेंड है उसके माता-पिता उसकी पढाई छुडवाना चाहते थे। पर मैंने उनको बताया कि एक लडकी पढ़-लिख आपका और देश का नाम रोशन कर सकती है। और मैंने उन्हे बहुत समझाया। तब उन्होंने सोचा और अपनी बेटी की पढाई न छुडवाने की बात की। मुझे मेरी फ्रेंड बहुत खुश हुई। मुझे भी उसके लिए बहुत खुशी हुई।

e-COPY

DATE: 26/2/21 B+
PAGE NO.

Day: Friday
Time. : 11:00 pm

Good work today:- कपडे की थैलियो का उपयोग करना।
आज मैं कॉलेज के लिए घर से निकली ही थी। इतने में एक गाय ~~का~~ ~~ब~~ प्लास्टिक की थैली निगल रही थी। मैंने जल्दी से उस गाय के मुँह मे से प्लास्टिक की थैली निकाल कर गड्ढे मे फेंक दी। फिर मैंने पास मे एक किराणा की दुकान थी वहाँ जाकर उनसे कहा कि आप इन प्लास्टिक की थैलियों उपयोग न करे एवं दूसरे लोगो को भी समझाएं कि वह कपडे की थैली लेकर आए और उसमें सामान ले जाएं। ताकि प्लास्टिक की वजह से पशुओ की जान न जाएं। मैंने घर आकर अपने घर वालो को भी कपडे की थैलियो का ही उपयोग करने के लिए कहा। मेरे पापा ने मुझ पर गर्व महसुस किया और मुझे भी उस गाय की जान बचाकर बहुत ज्यादा खुशी मिली।

e-COPY